TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




# 2024

teachersofbihar@gmail.com
https://twitter.com/teachersofbihar
https://www.youtube.com/c/teachersofbihar
https://www.facebook.com/teachersofbihar
https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar
www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
*The change makers*

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

## 05 अप्रैल

1. **राष्ट्रीय नौवहन दिवस–** 5 अप्रैल, 1919 को भारत के मर्चेन्ट शिप एस0 एस0 लॉयल्टी ने मुम्बई से लन्दन के लिए अपनी पहली यात्रा शुरू की थी। उसकी स्मृति में इस दिन राष्ट्रीय नौवहन दिवस मनाया जाता है। नौ सेना ने 1964 में पहली बार राष्ट्रीय समुद्री दिवस मनाया।

2. **समता दिवस–** दिवंगत पूर्व उप–प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम का जन्म को समता दिवस के रूप में मनाया जाता है। गरीबों और वंचितों के मसीहा जगजीवन राम का जन्म 5 अप्रैल, 1908 को चांदवा, भोजपुर जिला, बिहार में हुआ था। वे एक राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सांसद और कैबिनेट मंत्री के रूप में देश की आजीवन सेवा करते रहे। महात्मा गांधी के सविनय अवज्ञा आंदोलन में जेल भी गये। उनके नाम 50 वर्षों तक सासंद रहने का वर्ल्ड रिकार्ड है। वे 1936 से 1986 तक सांसद रहे। इस दौरान वे श्रम, रेलवे, कृषि, संचार और रक्षा मंत्रालय का जिम्मा संभाला। जब वे भारत के रक्षा मंत्री थे तब भारत ने 1971 ई. का युद्ध जीता। जब वह भारत के कृषि मंत्री थे तो देश में हरित क्रांति आई। 1977 ई. में जब मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री बने तब वे उपप्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री बन गये। वे सासाराम से सांसद बने। बाबू जगजीवन राम ने सदैव निडरतापूर्वक अन्याय का सामना किया एवं साहस, ईमानदारी, ज्ञान व अपने अमूल्य अनुभव से सदैव देश की भलाई की।

3. **सी.एफ. एन्ड्रयूज का निधन–** महात्मा गांधी के करीबी मित्र, समाजसुधारक और साथी पत्रकार चार्ल्स फ्रीयर एन्ड्रयूज का निधन 5 अप्रैल, 1940 ई. को कोलकाता में हुआ था। इनके सामाजिक कार्यों से प्रभावित होकर सेंट स्टीफन कॉलेज के छात्रों एवं गांधी जी ने इनको 'दीनबंधु' की उपाधि से विभूषित किया। एन्ड्रयूज गांधीजी के अहिंसक सत्याग्रह में भाग लेने हेतु 1913 ई. में दक्षिण अफ्रीका गए जहाँ 'नेटाल इंडियन कांग्रेस' नामक संस्था स्थापित करने तथा 'इंडियन ओपिनियन' पत्रिका प्रकाशित करने में गांधीजी को सक्रिय सहयोग प्रदान किया। देश के स्वाधीनता संग्राम के पक्ष में समय–समय पर 'मेनचेस्टर गार्जियन', 'द हिन्दू', 'मार्डन रिव्यू', 'द नेटाल आब्जर्वर' तथा 'द टोरन्टो स्टार' में लेख लिखते रहे।

Friday

/teachersofbihar

Madhu priya

# दिवस विशेष

5 अप्रैल

मधु प्रिया

## समता दिवस 5 अप्रैल




समता दिवस प्रत्येक वर्ष भारत में 5 अप्रैल  को मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम जिन्हें 'बाबूजी' के नाम से सम्बोधित किया जाता था, उन्हीं के जन्म दिवस को 'समता दिवस' के रूप में मनाया जाता है। बाबू जगजीवन राम वर्ष 1979 में भारत के उप प्रधानमंत्री बने थे।लगभग 50 वर्षो के संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति जगजीवन राम का समर्पण और निष्ठा बेमिसाल है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषण और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम द्वारा किए गए क़ानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। जगजीवन राम का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए हमेशा संघर्षरत रहे।

दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अंग्रेजों ने भारत छोड़ा तो उनका प्रयास था कि पाकिस्तान की भांति भारत के कई टुकड़े कर दिए जाएं। शिमला में कैबिनेट मिशन के सामने बाबूजी ने दलितों और अन्य भारतीयों के मध्य फूट डालने की अंग्रेजों के कोशिश को नाकाम कर दिया। अंतरिम सरकार में जब बारह लोगों को लार्ड वावेल की कैबिनेट में शामिल होने के लिए बुलाया गया तो उसमें बाबू जगजीवन राम भी थे। उन्हें श्रम विभाग दिया गया। इस समय उन्होंने ऐसे क़ानून बनाए जो भारत के इतिहास में आम आदमी, मज़दूरों और दबे कुचले वर्गों के हित की दिशा में मील के पत्थर माने जाते हैं। उन्होंने 'मिनिमम वेजेज एक्ट', 'इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट्स एक्ट' और 'ट्रेड यूनियन एक्ट' बनाया जिसे आज भी मज़दूरों के हित में सबसे बड़े हथियार के रूप में जाना जाता है। उन्होंने 'एम्प्लाइज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट' और 'प्रोवीडेंट फंड एक्ट' भी बनवाया।

# जयंती विशेष 05 अप्रैल

राकेश कुमार




**जगजीवन राम** *Jagjivan Ram*, जन्म- 5 अप्रैल 1908; मृत्यु- 6 जुलाई, 1986) आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष जिन्हें आदर से 'बाबूजी' के नाम से संबोधित किया जाता था। लगभग 50 वर्षो के संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण और निष्ठा बेमिसाल है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषण और उत्पीड़ित दलितों, मज़दूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए जगजीवन राम द्वारा किए गए क़ानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 05.04.2024

## वाक कौशल

'वाक कौशल' से तात्पर्य बातचीत की कला से होता है। बातचीत करने के तरीके को 'वाक कौशल' कहते है। बातचीत करने का तरीका ही सामने वाले व्यक्ति पर अच्छा या बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए वाक कौशल यानि बातचीत करने का कौशल एक कला है और इसमें भली-भांति निपुण होना चाहिए , क्योंकि यह हमारे व्यवहार का स्वरूप तय करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**ताइवान** के पूर्वी हिस्से में जोरदार **भूकंप** आया है, जिसके बाद **दक्षिणी जापान** के कुछ हिस्सों में **सुनामी** की चेतावनी जारी की गई है। **यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे** ने बताया है कि इस भूकंप की तीव्रता **7.4** थी।

TOB

राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

# IPL

## IPL में सबसे ज्यादा बार डक बनाने वाले बैटर



रोहित शर्मा*

**17**



दिनेश कार्तिक

**17**



ग्लेन मैक्सवेल

**15**



पीयूष चावला

**15**



मंदीप सिंह

**15**



सुनील नरेन

**15**

# परजीवी पोषण

परजीवी पोषण एक विशेष प्रकार का पोषण है जिसमें एक जीव दूसरे जीव के सम्पर्क में स्थायी या अस्थायी रूप से रहकर उससे अपना भोजन प्राप्त करते हैं।

भोजन करने वाले जीव परजीवी कहलाते हैं और जिस जीव के शरीर से परजीवी अपना भोजन प्राप्त करते हैं उसे पोषी कहते हैं।

## परजीवी पोषण करने वाले जीव

कवक, जीवाणु

गोल कृमि, हुक वर्म, टेप वर्म, एंटअमीबा हिस्टोलीटिका

मलेरिया परजीवी

अमरबेल ( पादप परजीवी)



अमरबेल ( Cuscuta )



फीता कृमि (Tape Worm)



गोल कृमि ( Round Worm )



हुक वर्म ( Hook Worm )

Rajesh Kumar Singh

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 360

चंद्रमा पर किसी वस्तु का भार,पृथ्वी पर वस्तु के भार का कितना गुना होता हैं ?

A. 1/6 गुना

B. 1/12 गुना

C. 6/11 गुना

D. 1/2 गुना





सही उत्तर: A

# TOB बूझो तो जानें. .



385

कमर पतली है, पैर सुहाने, कहीं गए होंगे बीन बजाने ......... बुझो तो जानें ?




संजय कुमार

www.teachersofbihar.org



बाबूजी के नाम से प्रसिद्ध एक राष्ट्रीय नेता, स्वतंत्रता सेनानी, सामाजिक न्याय हेतु लड़ाई लड़ने वाले योद्धा, वंचित वर्गों के हिमायती तथा एक उत्कृष्ट सांसद

# बाबू जगजीवन राम जी

की जयंती पर सादर नमन।

जन्म-5 अप्रैल 1908- मृत्यु-6 जुलाई 1986

Madhu priya

# 5अप्रैल

## राष्ट्रीय नौवहन दिवस

राष्ट्रीय नौवहन दिवस का उद्देश्य समुद्री व्यापार **(Marine trade)** और यातायात के प्रति जागरुकता फैलाना है।



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

/teachersofbihar

**Madhu priya**

**05 अप्रैल 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

व्यक्ति कभी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता।

**गौतम बुद्ध**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org